हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, बुधवार, 12 फरवरी 2025

## घातक हथियार के साथ पकड़ा गया युवक

**नागपुर.**

कलमना थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को घातक हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 11 फरवरी 2025 को रात 2:00 से 3:00 बजे के बीच की गई। पुलिस के अनुसार, जब कलमना थाने की टीम पेट्रोलिंग कर रही थी, तब जूना कामठी रोड स्थित वाजपेयी नगर के माधव ट्रेडर्स दुकान के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक लोहे की तलवार बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आमिर खान वरद चांद खान (24) नागराज नगर, शनि मंदिर के पास, जूना कामठी रोड, कलमना निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से तलवार जब्त कर ली है। घातक हथियार लेकर घूमने के चलते उसके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच जारी है।

# ड्राइविंग सीखने के दौरान कुएं में गिरी कार

### > दो सगे भाइयों समेत 3 की मौत

**नागपुर.**



नागपुर जिले में एक अनियंत्रित कार कुएं में गिर गई. इस हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा जिले के बुटीबोरी एमआईडीसी क्षेत्र के बालभारती मैदान में हुआ. बताया जा रहा है कि हादसे का शिकार हुए ड्राइविंग सीख रहे थे.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, रात करीब 12 बजे हादसे के दौरान कार में तीन युवक बैठे थे, जिनमें से एक ड्राइविंग सीख रहा था. कार की गति इतनी तेज थी कि चालक कार पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क के पास स्थित कुएं की दीवार तोड़ते हुए उसमें जा गिरी.

कुएं की गहराई करीब 15 फीट थी, जिससे कार और उसमें फंसे युवक डूब गए. दुर्घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने तत्काल बुटीबोरी पुलिस, अग्निशमन विभाग और आपातकालीन राहत एजेंसियों को हादसे की जानकारी दी. कुछ ही देर में घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस और दमकल कर्मियों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और कार को कुएं से बाहर निकाला. हालांकि, तब तक कार में सवार तीन युवकों की मौत हो चुकी थी. इस घटना से मृतकों के घर कोहराम मच गया. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुटी है.

**सदमे में मृतकों के परिजन**

इस दिल दहला देने वाली घटना से मृतकों के परिवारों को गहरा सदमा लगा है और वे शोक में हैं। पुलिस घटनास्थल पर आगे की जांच कर रही है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अधिक प्रभावी सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अवरोधक लगाने तथा अधिक सुरक्षा उपाय करने की आवश्यकता है।

## तेज रफ्तार वाहन ने ली युवक की जान

**नागपुर.**

पारडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए गए वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा 10 फरवरी 2025 को शाम 7:15 बजे के करीब हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मानिकचंद सिताराम पटले (42) अपने भाई तिलकचंद सिताराम पटले (48 ) और अन्य परिजनों के साथ नागपुर आए थे। वे एक रिश्तेदार के जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पारडी के नागेश्वर नगर में अपने मामा से मिलने पहुंचे थे।

इसी दौरान जब मानिकचंद पटले भंडारा रोड, पारडी के नाका नंबर 5 के पास सड़क पार कर रहे थे, तब एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए मेयो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस मामले में फिर्यादी तिलकचंद पटले की शिकायत पर पारडी थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# उपराजधानी के अपराधियों में कानून का डर हुआ समाप्त

### > मंगलवार को दिनदहाड़े दो हत्या का प्रयास

**नागपुर.**

शहर में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों पर जानलेवा हमले किए गए। ये घटनाएं पारडी और कलमना थाना क्षेत्र में हुईं, जिनमें दोनों पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पारडी पुलिस थाना अंतर्गत भाडेवाडी परिसर में मंगलवार दोपहर हमले की पहली घटना हुई। विजय उर्फ़ बीजू भेड़ेकर नामक व्यक्ति गिरिजा नगर में रहते हैं। विजय पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। मंगलवार दोपहर वह अपने घर से बाहर जाने के लिए निकले थे इस दौरान उन्हें तीन से चार युवकों ने उन्हें घर के पास ही गली में घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते एक युवक ने कांच की बोतल उनके सिर पर दे मारी जबकि दूसरे ने लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया।

इस घटना के बाद विजय वहीं सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके चलते आरोपी वहां से भाग खड़े हुए ।भागते हुए आरोपी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी दिखाई दिए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से विजय के घर की रेकी कर रहे थे। सीसीटीवी कैमरों में भी आरोपी रेकी करते हुए दिखाई दिए हैं। हालांकि




उन पर यह जानलेवा हमला क्यों किया गया इसका अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के सुराग के आधार पर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही है। हत्या के प्रयास का दूसरा मामला कलमना पुलिस थाने के डिप्टी सिग्नल स्थित गोपाल नगर इलाके के साईं चौक पर हुआ। अरविंद वर्मा नामक व्यक्ति पर पुराने विवाद के चलते अपराधियों ने तेज धार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से भाग खड़े हुए। बताया जा रहा है कि अरविंद के साथ आरोपियों का कुछ समय पहले विवाद हुआ था और इसका बदला लेने के लिए ही उन पर यह हमला किया गया। इस हमले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच कर रही है ।गंभीर घायल अवस्था में अरविंद वर्मा को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है जहां उनका इलाज जारी है।

# ब्लैकमेल कर अपराधी ने युवती के साथ किया दुष्कर्म

### > पुलिस ने आरोपी रोशन शेख की निकाली परेड; इलाके में घुमाया

**नागपुर.**

नागपुर के सदर पुलिस थाना अंतर्गत ब्लैकमेल कर युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधी रोशन शेख को सबक सिखाने के लिए पुलिस ने उसे पूरे इलाके में पैदल घुमाया। पुलिस की इस कार्रवाई से जहां अपराधियों में खलबली मच गई वहीं नागरिकों ने पुलिस की भूमिका का स्वागत किया है। जानकारी के अनुसार, रोशन शेख के खिलाफ हत्या का प्रयास, मारपीट, अपहरण, फिरौती वसूली और रेप सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं. कुछ महीने पहले ही वह मोका के मामले में बरी होकर जेल से बाहर आया था. इसी दौरान उसने एक युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाया. शादी का झांसा देकर उसके साथ होटल के कमरे में रेप किया। दूसरी युवती के साथ भी उसके संबंध होने की जानकारी मिलने पर पीड़िता ने उससे दूरी बना ली थी. इसके बाद रोशन ने उसे अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी और शोषण करता रहा. पीड़िता ने विवाह के लिए दबाव डाला तो



जातिवाचक शब्दों का उपयोग कर शादी करने से इनकार कर दिया. इसके बाद पीड़िता की शिकायत पर सदर पुलिस ने विविध धाराओं के तहत यह मामला दर्ज कर रोशन को गिरफ्तार कर लिया. न्यायालय ने उसे पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया है. पूछताछ में भी रोशन ने पुलिस से कोई सहयोग नहीं किया था. लिहाजा सोमवार को सदर पुलिस उसे पैदल ही फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित उसके घर पर ले गई. चौराहे से फ्लैट तक उसे पुलिस की घेराबंदी में परेड निकाली गई. नागरिकों ने इसके फोटो और वीडियो निकालकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिए. यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. सदर पुलिस ने बताया कि वाहन खराब होने के कारण उसे पैदल ले जाया गया था।

# नाबालिग ने साथियों संग मिलकर प्रॉपर्टी डीलर पर किया जानलेवा हमला

**नागपुर.**

पारडी पुलिस थाना अंतर्गत मामूली कहासुनी में गालियां देने से आगबबूला हुए एक नाबालिग ने अपने साथियों की मदद से एक प्रॉपर्टी डीलर पर जानलेवा हमला कर दिया। यह घटना मंगलवार की सुबह पारडी के भांडेवाड़ी में हुई। घायल प्रॉपर्टी डीलर की पहचान विजय उर्फ विजू भांडेकर (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने वाठोड़ा निवासी नाबालिग और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

वारदात का सूत्रधार 16 वर्षीय नाबालिग है। सोमवार को वह अपने दो साथियों के साथ पारडी की लाल स्कूल के पास स्थित पानठेले पर खड़ा था। वहां भांडेकर भी आया। वह नशे में था। सिगरेट पीने को लेकर भांडेकर की नाबालिग और उसके मित्रों से कहासुनी हो गई। भांडेकर उन्हें गालियां देने लगा। लोगों के सामने गालियां देने से नाबालिग गुस्सा हो गया। घर जाने के बाद से भांडेकर द्वारा दी गई गालियां याद आने से नाबालिग ने भांडेकर से बदला लेने का फैसला किया।




अगले दिन सुबह होते ही नाबालिग ने घर से कोयता लिया। उसने अपने दोनों साथियों को फोन किया और उन्हें भांडेकर को समझाने के लिए उसके घर चलने को कहा। वे भांडेकर के घर पहुंचे और सुबह 7.30 बजे से भांडेकर के घर से बाहर निकलने का इंतजार करने लगे। 9.30 बजे भांडेकर बाइक पर सवार होकर जाने लगा। उसके बाइक पर सवार होते ही आरोपियों ने हमला कर दिया। बाइक से गिराकर कोयते और लात-घूसों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गए।

परिजनों ने भांडेकर को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। उसने परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें आरोपी नजर आए। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर नाबालिग ने गालियां दिए जाने से अपमानित होकर भांडेकर पर हमला करने की बात स्वीकार की। पारडी पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

# महिला पुलिसकर्मी के घर में हुई चोरी के मामले का खुलासा

### > दो शातिर चोर गिरफ्तार, एक अन्य की तलाश

**नागपुर.**

गिट्टीखदान थाना क्षेत्र में एक महिला पुलिसकर्मी के घर में हुई चोरी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है। इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 1.51 लाख रुपये मूल्य के गहने, घड़ी, मोबाइल और बाइक बरामद की है। घटना 2 फरवरी की शाम करीब 5:50 से 6:00 बजे के बीच की है। शिकायतकर्ता रूपाली रूपेश कलंबे (36), योगेश नितेश सोसायटी दाभा निवासी पुलिस दिल में कार्यरत हैं और उनकी पोस्टिंग अंबाझरी थाने में है। घटना वाले दिन वह किसी पारिवारिक अंत्यविधी में शामिल होने के लिए घर में ताला लगाकर अपने माइके वानाडोंगरी में गई गई थीं। इस दौरान तीन अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर बेडरूम में रखी अलमारी से सोने-चांदी के गहने और टाइटन कंपनी की घड़ी, कुल मिलाकर 1,81,800 रुपये का माल चुरा लिया।

पीड़िता ने जब घर लौटकर सीसीटीवी फुटेज चेक किया, तो उसमें तीन अज्ञात लोग चोरी करते हुए नजर आए। शिकायत के आधार पर गिट्टीखदान पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज किया। क्राइम ब्रांच यूनिट 02 के अधिकारियों और टीम ने तकनीकी जांच व गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में अरविंद उर्फ बंटी अशोक घनसुरी (31), कुशी नगर, जरीपटका निवासी और कल्लू खान जर्मन खान (55), उप्पलवाड़ी निवासी का समावेश है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि उन्होंने यह चोरी अपने फरार साथी भारत भारद्वाज (रांजनगांव, छत्तीसगढ़) के साथ मिलकर की थी। दरअसल इन तीनों ही आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है और उनकी आपस में मुलाकात मध्यवर्ती कारागृह में हुई थी। जहां पर उन्होंने जेल से बाहर निकलते ही साथ में काम करने का प्लान बनाया था। बताया जा रहा है कि राजनांदगांव निवासी भरत भारद्वाज ने छत्तीसगढ़ में किसी वारदात को अंजाम दिया था और वहां से बचने के लिए वह नागपुर आ गया था जहां उसने अपने नागपुर के दोनों साथियों के साथ मिलकर महिला पुलिसकर्मी के घर में इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने-चांदी के गहने, टाइटन घड़ी, मोबाइल फोन और हीरो डीलक्स बाइक बरामद की। कुल जब्त माल की कीमत 1,51,000 रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपियों को गिट्टीखदान पुलिस के हवाले कर दिया गया है, और फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस सफल कार्रवाई को पुलिस उपायुक्त (डिटेक्शन) राहुल माकणीकर, सहायक पुलिस आयुक्त (गुन्हे) अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में पी.आई. शुभांगी देशमुख व उनकी टीम ने अंजाम दिया।

# वसंत पंचमी एवं हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन

**नागपुर.**

आदिवासी गढ़वाल कोष्टी समाज विकास संस्था नागपुर (गढ़वाल कोल्टी महिला मंडल) ने रविवार को संभाजी कासार मंदिर, संभाजी कासार मस्कासाथ नागपुर में वसंत पंचमी एवं हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन प्रवदा प्रवीण दटके सामाजिक कार्यकर्ता, मुख्य अतिथि संगीता राजेश बर्वे, (कोष्टी समाज महिला मंडल अध्यक्ष, सौसर) रेखा गिरधारी निमजे-समाज सेविका और साथ ही मधु सोनी (मानवाधिकार सहायता मंच अध्यक्ष-नारीशक्ति, नागपुर), सुरेखा मदनजी बर्वे, स्नेहा भिवेन बर्वे, पूर्व नगरसेविका, रेखाताई पराते इनकी उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन हुआ ।

कार्यक्रम की शुरुआत संगठन की महिला मंडल ने सद्गुरु कबीर साहाब की तस्वीर पर चंदन का



तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात उन्होंने सरस्वती माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की तथा महिलाओं के लिए शिक्षा के रास्तें खोलने के लिए संघर्ष करने वाली शांति कार्यकर्ता सावित्री बाई की तस्वीर पर माल्यार्पण कर हल्दी-कुमकुम का तिलक लगाया।

यह स्पष्ट था कि समुदाय की कुछ महिलाएं इस गतिविधि के लिए स्वयंसेवक बनने को तैयार थीं। वह महिला करुणा हेड़ाऊ, पिंकी हेड़ाऊ, सुनीता कोल्हे, रूपाली पराते, ममता हेड़ाऊ,निर्मला निखारे सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन नंदा रविन्द्र निखाड़े ने किया।उपस्थित महिलाओं को हल्दी-कुमकुम, लगाया। इस कार्यक्रम में आदिवासी गड़ेवाल कोष्टी समाज विकास संस्था का कार्यकारी मंडल उपस्थित था। समापन - इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन भाग्यश्री राजे पराते ने किया। बोर्ड की विविधता का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को बेहतर बनाने वाले परिवर्तनों के लिए धन्यवाद। हम उन लोगों को भी धन्यवाद देते हैं जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्यक्रम का समर्थन किया।

## बंद घर से सेंधमारी कर 2.32 लाख का माल चोरी

**नागपुर.** कलमना थाना क्षेत्र में एक घर में सेंध लगाकर अज्ञात चोरों ने नकदी और आभूषण सहित करीब 2,32,600 रुपये का माल उड़ा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फिर्यादी अब्दुल फैजान अब्दुल अजीज (23) प्लॉट नंबर 25/वी, भवानी नगर निवासी अपने घर को ताला लगाकर रात में मामा के घर सोने गए थे।

अगले दिन सुबह जब वे लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो बेडरूम के कपाट में रखे 50,000 रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। इस घटना की शिकायत पर कलमना पुलिस थाना में कलम 305 (अ), 331(3), 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नागपुर में खुलेगा होटल ताज

### > कंपनी ने सीएम फडणवीस की मौजूदगी में किया ऐलान

**नागपुर.**

नागपुर के होते विस्तार को देखते हुए बड़ी बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर रही है। इसी के तहत टाटा ग्रुप ने भी उपराजधानी में होटल बनाने का ऐलान कर दिया है। सोमवार को मुंबई के दादर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टाटा के नए ताज होटल का भूमिपूजन किया, जहां उन्होंने नागपुर में भी होटल खोलने की मांग टाटा ग्रुप से की। जिसे तुरंत ही स्वीकार करते हुए ताज ग्रुप ने नए होटल खोलने का ऐलान कर दिया।

नागपुर भारत के सबसे तेज विकसित हो रहे शहरों में से एक हैं। शहर के विस्तार को देखते हुए बड़ी बड़ी कंपनियां यहां निवेश कर रही हैं। जिसमे उद्योग, आईटी कंपनियां और सर्विस सेक्टर में शामिल कंपनियां भी शामिल है। इसी कड़ी में टाटा ग्रुप का नाम भी जुड़ गया है। टाटा समूह की स्वामित्व वाली ताज ग्रुप ने नागपुर में नया होटल खोलने का ऐलान कर दिया है। सोमवार को मुख्यमंत्री फडणवीस ने दादर में ताज ग्रुप के नए होटल का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी से नागपुर के विकास की जानकारी दी और उन्हे उन्हें उपराजधानी में भी एक होटल खोलने का आग्रह किया।




### नागपुर में होटल खोलने का ऐलान

मुख्यमंत्री के आग्रह को ताज ग्रुप ने तुरंत स्वीकार कर लिया और नागपुर में होटल खोलने का ऐलान कर दिया। ताज ग्रुप के अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि, नागपुर में होटल ताज के लिए हम आज ही एमओयू साइन करेंगे। इसी के साथ इसी हफ्ते शहर में दूसरा जिंजर होटल खोलने का ऐलान भी उन्होंने किया।

# अजूबा डिवाइडर, बना हुआ है दुर्घटनास्थल

**नागपूर.**



नागपूर पश्चिम के गिट्टीखदान से कमलेश्वर की ओर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग के मध्य डिवाइडर है। एचपी पेट्रोल पंप के समीप ही बोर नाला है, उसपर बने पुल पर भी डिवाइडर है , इस अजूबे डिवाइडर की ख़ास बात यह है कि इस डिवाइडर के साथ अनावश्यक रूप से अतिरिक्त भाग संलग्न है , जो दुर्घटनाओं का स्थल के नाम से जाना जाता है। सामने के प्रकाश के चकाचौंध से वाहन चालकों को तो रात में यह अतिरिक्त भाग दिखाई भी नही पड़ता। लोगों का कहना है कि यहां कभी भी दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

वैसे यह वाहन चालकों को वाहन ओवरटेक करने में दुविधाएं भी खड़ी करता रहता है । कहने का मतलब यह कि आमतौर पर कहीं भी डिवाइडर से संलग्न इस प्रकार का अतिरिक्त भाग लगा हुआ डिवाइडर दिखाई नहीं देता। इस अतिरिक्त भाग से उस स्थान पर सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। जो बहुत सी दुविधाओं को जन्म भी देती रहती है।

इस संबंध में जमाअते इस्लामी हिंद नागपूर के मीडिया प्रभारी डॉ एम ए रशीद ने सुझाव दिया है कि यदि शीघ्र ही इस डिवाइडर के अतिरिक्त अनावश्यक भाग को हटा दिया जाए तो सभी समस्याओं का अंत हो जाएगा और यह स्थान वाहन चालकों के लिए सुरक्षित हो जाएगा।




CMYK

# चिचोली जि.प. सर्कल में खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी: डॉ. आशीष देशमुख

> चषक टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन संपन्न
> नगर परिषद के गठन के लिए नागरिक करें पहल

**खापरखेड़ा.**



देश में टेनिस बॉल क्रिकेट का तेजी से विकास हो रहा है, जिसके चलते इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन जरूरी हो गया है। चनकापुर क्षेत्र ने भारत को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर उमेश यादव जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। इसी प्रकार नए खिलाड़ियों को आगे लाने के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने आश्वासन दिया कि चिचोली जि. प. सर्कल के भानेगांव, खापरखेड़ा और चनकापुर क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा। विधायक डॉ. देशमुख ने यह घोषणा स्व. नारायण बसुले मैदान में आयोजित आमदार चषक टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में की। उन्होंने कहा कि आज का युवा मोबाइल की दुनिया में उलझा हुआ है। फिटनेस बनाए रखने के लिए खेल का मैदान, व्यायामशाला, स्विमिंग पूल और विभिन्न खेलों के लिए विशेष कोर्ट होना जरूरी है।

विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने आगे कहा कि खापरखेड़ा, चनकापुर और भानेगांव को मिलाकर नगर परिषद का दर्जा देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य में भाजपा की सहयोगी सरकार कार्यरत है और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले इस विषय पर सकारात्मक हैं। जल्द ही नगर परिषद का गठन किया जाएगा, लेकिन इसके लिए नागरिकों को स्वयं आगे आकर पहल करनी होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजीव पोतदार ने की। इस अवसर पर बबलू ठाकुर, विलास महल्ले, कृष्णा यादव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आशीष फुटाने, चंद्रशेखर लांडे, विनायक लकड़कर, सुनील भोयर, अनेस चवरे, सुरेश बसुले, मोरेश्वर मांगुळकर, अरुण ठाकरे, चंद्रशेखर पानतावने, राम डाखरे, अरुण सावरकर, सुशील जैन, विजय पाटिल और नीलेश घोरमाड़े सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विधायक डॉ. आशीष देशमुख ने टूर्नामेंट का शुभारंभ किया, जबकि कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजीव पोतदार ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।



### 35 क्लबों ने लिया टूर्नामेंट में हिस्सा

इस टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 35 क्लबों ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन रवि फुलझले ने किया और नितिन गोस्वामी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिद्धार्थ बागड़े, अनिल छाणिकर, संदीप मिश्रा, वीरेंद्र भारद्वाज, प्रकाश शेंडे, अंकित चवरे, मनोज कुथे, प्रशांत घाटोले, दिनेश कडू, प्रवीण विवेकर, कुलदीप चवरे, कुलदीप मलवे, यश बाजन घाटे आदि ने विशेष योगदान दिया। इस आयोजन से क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होगा।

## ड्रैगन पैलेस मेडिटेशन सेंटर में 10 दिवसीय ध्यान शिविर संपन्न



> आज एक-दिन का विपश्यना ध्यान शिविर होगा

**कामठी.**

ड्रैगन पैलेस क्षेत्र में ड्रैगन पैलेस विपश्यना सेंटर में एक 3 दिवसीय, 3 दिवसीय और हर पूर्णिमा को एक दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाता है। 2025 वर्ष की ध्यान शिविर कार्यक्रम की घोषणा की गई है। नए साल में 29 जनवरी से 9 फरवरी तक, 10 दिवसीय आवासीय शिविर 9 फरवरी को संपन्न हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में चाहने वालों ने भाग लिया और धम्म का फायदा उठाया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार, 12 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक एक - दिवसीय ध्यान शिविर आयोजित किया गया है।

इसमें, चाहने वालों ने कम से कम एक दिवसीय या अधिक 10 दिवसीय ध्यान शिविर में सीधे शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, ध्यान शिविर में भाग लेने वाले चाहने वालों को वेब साइट www.dragonpalacetemple.org ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है। ऐसी जानकारी ड्रैगन पैलेस का प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखा कुंभारे द्वारा पत्र में किया गया है।

## दादासाहब कुंभारे एकता मंच, समता सैनिक दल ने मनाई रमाई जयंती

**कामठी.**



माता रमाई आंबेडकर की 127वीं जयंती महोत्सव का आयोजन कुंभारे कॉलोनी में समता सैनिक दल एवं दादासाहेब कुंभारे एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सामूहिक बुद्ध वंदना की गई। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में मार्शल अशोक बोंदाने (राष्ट्रीय निमंत्रक भारत) एवं अतिथि के रूप में मार्शल अस्मिता लोखंडे (जिला संघटिका नागपुर वुमन रेजिमेंट) मार्शल ओमप्रकाश मेंढे (मार्गदर्शक यूनिट कामठी) मौजूद थे। कार्यक्रम में माता रमाई आंबेडकर के बलिदान के विस्तृत विवरण के रूप में वर्णित किया गया था और बाबासाहेब में उनके अमूल्य योगदान का वर्णन किया गया। उनकी प्रेरणा के साथ, यह कहा गया कि समाज में अन्य महिलाओं को उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन मार्शल आदित्य गौरखेडे, प्रास्ताविक मार्शल कलश बागडे, आभार प्रदर्शन विरेंद्र मेश्राम ने व्यक्त किया। इस आयोजन में संघटना के सभी पदाधिकारी, शहर की वरिष्ठ महिला विंग मार्शल और उपासक उपासिका उपस्थित थे।

## रोमांचक मुकाबलों के बाद वड़धामना सीनियर बना चैम्पियन

**नागपुर.**



अदाणी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का तीन दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस रोमांचक टूर्नामेंट में गोंडखैरी, वडधामना, सुराबर्डी, कलंबी और साहिल की कुल आठ टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मैच 9 फरवरी को खेला गया, जिसमें वडधामना सीनियर और वडधामना जूनियर की टीमें आमने-सामने थीं। वडधामना जूनियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए, लेकिन वडधामना सीनियर की टीम 103 रन बनाकर 8 विकेट से विजेता बनी। तीन दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में कुल 8 मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

वडधामना सीनियर 103/03 वडधामना जूनियर 102/9 टूर्नामेंट के विशेष पुरस्कारों में शहीद खान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट फील्डर का खिताब अपने नाम किया, जबकि हसनन खान को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला।

इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन ने टूर्नामेंट को और भी यादगार बना दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में ताटकर (पीएसआई, वाड़ी पुलिस स्टेशन), माला निकोसे (सरपंच, साहुली गांव), धीरज अंबटकर (सरपंच, वडधामना), अमोल अंबटकर (सरपंच प्रतिनिधि, सुराबर्डी), सुनील सिंह (डीजीएम, अदाणी), हरीश लाड (वत्सल्य एनजीओ) और पद्माकर (प्रेरणा एनजीओ) उपस्थित रहे। इन सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के अदाणी समूह के इस प्रयास की सराहना की।



## लोम्स फाउंडेशन ने किया यादे किशोर कार्यक्रम आयोजीत

**नागपुर.** स्वर्गीय किशोरकुमार के जन्मदिन के अवसर पर किशोर कुमार के गानों पर प्रतिस्पर्धा ली गई। जिसमें कुल 45 प्रतिस्पर्धियों ने भाग लिया। उनमें से 11 गायकों का चयन किया गया। चयनित ग्यारह गायकों का अंतिम परिणाम हेतू कवि कुलगुरु सुरेश भट्ट ऑडिटोरियम, रेशिमबाग नागपुर में लोम्स इंडिया के मुख्य प्रवर्तक रामानंद श्यामकुंवर और सय्यद रहमान के संयुक्त तत्वावधान में 6 फरवरी को भव्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर पवन शर्मा, द्वितीय स्थान पर सचिन शिवपूरे और तृतीय स्थान पर प्रदीप गायगोले ने जीत हासिल नगद पुरस्कार, सन्मानचिन्ह प्राप्त किए। उसी तरह प्रथम रनर अप उदय कुरझरकर, द्वितीय रनरअप स्वप्नील वंजारी और तृतीय रनरअप पोर्णिमा बनर्जी को भी उदय कुरझरकर के द्वारा नगद राशि एवं सन्मानचिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन लोम्स फाउंडेशन की एसीएमडी श्रीमती कल्पना मिश्रा ने की। इस अवसर पर, सेलिब्रिटी सिंगर शिवा मोहोड मुख्य ज्यूरी के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लोम्स परिवार के समस्त सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया। साथ ही जनाब हफीज साबरी ने इस कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को विधायक चरणसिंह ठाकुर ने दी शुभकामनाएं

**कोंढाली/काटोल.**



महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा 'नकल-मुक्त और भय-मुक्त परीक्षा अभियान' लागू करने का फैसला किया गया है। इसी तर्ज पर नागपुर जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से इस अभियान में स्वेच्छा से भाग लेने और सहयोग करने की अपील की है। महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस अवसर पर काटोल के विधायक चरण सिंह ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "शिक्षा केवल ग्रेड प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह ज्ञान बढ़ाने और जीवन में मूल्य स्थापित करने का एक साधन है। मैं सभी विद्यार्थियों से अनुरोध करता हूं कि वे अपनी मेहनत पर विश्वास रखें और ईमानदारी से प्रयास करके सफलता प्राप्त करें।" उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि परीक्षा अवधि के दौरान जिला प्रशासन विद्यार्थियों के साथ खड़ा रहेगा। सभी परीक्षा केंद्रों को नकल और भयमुक्त बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, जिला परिषद के पूर्व सदस्य सली देशमुख और गणेश चन्ने ने भी सभी छात्रों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## तेज रफ्तार क्रेन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**नागपुर.**

कोराडी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय साइकिल सवार की जान चली गई। यह हादसा 10 फरवरी की शाम करीब 7:05 बजे तुली इंटरनेशनल कॉलेज की निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास हुआ।

मृतक की पहचान अजय मूलचंद वैसवारे (45), निवासी अंबाजरी के रूप में हुई है। हादसे के समय वे अपनी साइकिल से बोखारा से कोराडी नाका रोड की ओर जा रहे थे। उसी दौरान क्रेन वाहन क्रमांक के चालक अशोक स्वरूप शाहू (32), निवासी भवानी नगर, पारडी ने अपने वाहन को तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए अजय वैसवारे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अजय वैसवारे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए मेयो अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## राष्ट्रीय संपत्ति है शोध, इसका संरक्षण आवश्यक: प्र- कुलगुरु डॉ. राजेंद्र काकड़े

**नागपुर.**

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में आयोजित सातवीं राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में प्र-कुलगुरु डॉ. राजेंद्र काकडे ने कहा कि "शोध राष्ट्रीय संपत्ति है, और इसका संरक्षण आवश्यक है।" इस कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास कक्ष, स्नातकोत्तर विधि अध्ययन विभाग, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कक्ष और बौद्धिक संपदा अधिकार कक्ष के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह कार्यशाला श्रीनिवास रामानुजन सभागार में 10 फरवरी को आयोजित की गई। डॉ. काकडे ने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत प्राचीन है, लेकिन हम अपने ज्ञान को संरक्षित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शोध को व्यावसायिक दृष्टि से संरक्षित किया जाए तो यह राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकता है। उन्होंने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को भी क्रेडिट प्राप्त होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्र-कुलगुरु डॉ. राजेंद्र काकडे ने की, जबकि प्रमुख वक्ता के रूप में नागपुर के पेटेंट एवं डिजाइन सहनियंत्रण निर्माल्य सिन्हा, विश्वविद्यालय की निदेशक डॉ. स्मिता आचार्य और स्नातकोत्तर विधि विभाग की प्रमुख डॉ. पायल ठावरे उपस्थित रहीं। निर्माल्य सिन्हा ने भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों की कानूनी प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी और पेटेंट व औद्योगिक डिज़ाइन के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को पेटेंट दाखिल करने और औद्योगिक डिजाइनों को सुरक्षित करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। डॉ. पायल ठावरे ने बताया कि स्नातकोत्तर विधि विभाग पिछले सात वर्षों से राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य छात्रों को बौद्धिक संपदा संरक्षण का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। कार्यशाला का समन्वयन आबिद खान और अनुश्री मुक्ते ने किया। उद्घाटन समारोह का संचालन शिखा गुप्ता ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. विजयता उईके ने किया।

## न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर भी नहीं मिल रहा दाम

> सीसीआई के नियमों के पेंच में फंसे कपास उत्पादक

**नागपुर.**



मौसम की मार और बाजार में उचित दाम नहीं मिलने से किसानों पर संकट के बादल छंटने के नाम नहीं ले रहे हैं। मौसम का साथ मिल भी जाए, तो किसानों को लूटने वाले तैयार बैठे हैं। इस समय वहीं हो रहा है। कपास की फसल ठीक-ठाक आयी है, लेकिन उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य के बराबर दाम नहीं मिल रहा है। सीसीआई का नियम इसके आड़े आ रहा है। कपास बेचने के लिए किसानों के सामने कोई रास्ता नहीं बचा, तो निजी खरीदारों को देना पड़ रहा है। मौके का फायदा उठाकर खरीदार प्रति क्विंटल 400 से 500 रुपए कम दाम में कपास खरीद रहे हैं। सीसीआई के नियमों के पेंच में फंसे कपास उत्पादक किसानों का नुकसान हो रहा है।

सीसीआई के कपास खरीदी केंद्र बंद रहने से नुकसान सह रहे किसानों को स्थानीय विधायकों से उम्मीद है। किसान चाहते हैं कि, अपने विधायक सरकारी दरबार में आवाज उठाकर सीसीआई के कपास खरीदी केंद्र खोल दें, ताकि कपास को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके। किसानों को आश्वासन मिल रहा है, लेकिन प्रत्यक्ष में अमल नहीं होने से किसानों को निराशा का सामना करना पड़ रहा है। अच्छी फसल के लिए किसानों ने कर्ज लेकर खेती पर पानी की तरह पैसा बहा दिया। फसल अच्छी हुई, लेकिन उचित दाम नहीं मिल रहा है। जो कर्ज लिया, उसे चुकाने के लिए किसान के पास पैसा नहीं है। सालभर मेहनत करने पर हाथ में कुछ नहीं बच रहा है। आय का दूसरा कोई साधन नहीं है। अब परिवार का पेट कैसे पाले, इस चिंता में किसान डूब गया है। सरकार ने नागपुर जिले में सीसीआई को कपास खरीदी केंद्र खोलने की मंजूरी दी है। इन केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास खरीदी की जाती है। असल बात यह है कि, केंद्र खुलेंगे तो किसानों को उचित दाम मिलेगा। जिले में अनेक कपास खरीदी केंद्र बंद पड़े हैं। किसानों को मजबूरी में निजी खरीदारों को कपास बेचना पड़ रहा है। सीसीआई ने प्रति क्विंटल कपास से 34 फीसदी रुई निकलने का मानक तय किया है। उससे कम रुई निकलने पर संबंधित जीनिंग फैक्टरी से रुई के अंतर की कटौती की जा रही है। जमीन की उर्वरा क्षमता और मौसम पर कपास से रुई निकलने का प्रमाण निर्भर है। नागपुर जिले में सीसीआई के मानक पर कपास से रुई का उतारा नहीं आ रहा है, जिसकी वजह से जीनिंग फैक्टरियां कपास से रुई निकालने में कतरा रही हैं। मौके का फायदा उठाकर निजी खरीदार कम दाम में कपास खरीदी कर किसानों से इसकी भरपाई कर रहे हैं।

# अवैध रेत चोरी करते ट्रैक्टर-ट्रॉली पर पारशिवनी पुलिस की कार्रवाई

> सात लाख तीन हजार रुपये का माल जब्त, प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

**पारशिवनी.**



पारशिवनी तहसील की पेंच नदी से अवैध रूप से (बिना रॉयल्टी) रेत चोरी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली (क्र. 585 डी.आई.) में भरकर ले जाते समय पारशिवनी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात लाख तीन हजार रुपये का माल जप्त किया। यह कार्रवाई 9 फरवरी 2025 को ग्राम सालई के पास की गई। सालई गांव के पास से पेंच नदी में अवैध तरीके से रेत उत्खनन किया जा रहा था। इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद पारशिवनी पुलिस निरीक्षक राजेश कुमार थोरात के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गांव के पास जाल बिछाया। जब पुलिस ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को गुजरते देखा, तो उसे रोका और पूछताछ की गई। जब ट्रैक्टर चालक से रेत ढुलाई के लिए रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ एक ब्रास रेत जब्त कर ली। जप्त किए गए माल की कीमत सात लाख तीन हजार रुपये आंकी गई है।

इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व पारशिवनी थाना प्रभारी राजेश कुमार थोरात ने किया। उनके साथ पृथ्वीराज चव्हाण, मुदस्सर जमाल, अनिल चंदनबटवे, संदीप नागोसे, वीरेंद्र सिंह चौहान, सुरज मोहेकर, राकेश बंधाटे और जगदीश उके ने मिलकर यह कार्रवाई को अंजाम दिया।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनीतिक नेताओं के समर्थक अवैध रेत चोरी में लिप्त हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी या फिर राजनीतिक दबाव में यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा?

## एक्सिस बैंक ने मोबाइल ऐप पर फिक्स्ड डिपॉजिट को किया आसान

**नागपुर.**

AXIS BANK

देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज एक अनूठी सुविधा की घोषणा की, जिससे ग्राहक अपने नॉन-एक्सिस बैंक खातों के फंड का उपयोग करके फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। यह सुविधा एक्सिस बैंक के मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से यूपीआई और नेट बैंकिंग भुगतान विकल्पों का उपयोग करके उपलब्ध कराई गई है। अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम का लाभ उठाकर इस अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधा को शुरू करने वाला एक्सिस बैंक पहला निजी बैंक बन गया है, जिससे ग्राहकों को एक निर्बाध बैंकिंग अनुभव मिलेगा।

इस सुविधा के तहत, एक्सिस बैंक के मौजूदा ग्राहक, जिनका केवाईसी वैध है, अपने अन्य बैंक खातों से यूपीआई या नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान करके फिक्स्ड डिपॉजिट खोल सकते हैं। भुगतान गेटवे सेवा प्रदाता के माध्यम से भुगतान सफलतापूर्वक पूरा होने और फंड प्राप्त होने के बाद फिक्स्ड डिपॉजिट अकाउंट खोला जाएगा। यह नई सुविधा एक्सिस बैंक के ओपन बैंकिंग सिद्धांतों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सुविधा भुगतानकर्ता जोड़ने, खातों के बीच धन हस्तांतरण, और फिक्स्ड डिपॉजिट खोलने की अलग-अलग प्रक्रियाओं जैसी बाधाओं को समाप्त करती है। अब ग्राहक अपने एक्सिस बैंक सेविंग्स अकाउंट में फंड की उपलब्धता की चिंता किए बिना, आकर्षक ब्याज दरों और बेहतर रिटर्न के साथ डिजिटल रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश कर सकते हैं।

इस लॉन्च के अवसर पर, एक्सिस बैंक के हैड-डिजिटल बिजनेस एवं ट्रांसफॉर्मेशन, समीर शेट्टी ने कहा, "एक्सिस बैंक 'ओपन' बैंकिंग की शक्ति में विश्वास करता है और हम लगातार डिजिटल-फर्स्ट उत्पादों में निवेश कर रहे हैं जो ग्राहकों को बैंकिंग संबंधी बेहतर अनुभव प्रदान कर रहे हैं। इस दिशा में, हमें यह नई सुविधा पेश करने की खुशी है, जिससे ग्राहक सीधे अपने अन्य बैंक खातों के फंड का उपयोग करके एक्सिस बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश कर सकते हैं। यह सुविधा एक सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करती है और ग्राहकों को एक खाते से दूसरे खाते में फंड ट्रांसफर करने की आवश्यकता को समाप्त करती है। हमें विश्वास है कि यह सुविधा बैंकिंग के भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।"

### निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



**मारोतराव गोहत्रे**

**वर्धा.** वडाला, आष्टी के प्रतिष्ठित नागरिक मारोतराव गोहत्रे का दि. 11 फरवरी को 82 वर्ष की आयु में दुःखद निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, दो पुत्रियां, पुत्रवधू, पोते-पोतियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम संस्कार का विधि-विधान से संपन्न हुआ, उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। अनेक लोगों ने उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के खिलाफ शिवसेना का विरोध मार्च






**हिंगनघाट.**

महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट एवं प्रीपेड मीटर के खिलाफ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी ने हिंगणघाट शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में एक विशाल विरोध मार्च निकाला। तहसील प्रमुख सतीश धोबे के नेतृत्व में सैकड़ों शिवसैनिकों ने तुकडोजी पुतले से महाराष्ट्र राज्य विद्युत मंडल कार्यालय तक मोर्चा निकालकर सरकार की नीति के खिलाफ आवाज बुलंद की। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने इस योजना को तुरंत वापस लेने और उपभोक्ताओं को पोस्टपेड या प्रीपेड मीटर चुनने का अधिकार देने की मांग की है। उप-तहसील प्रमुख प्रकाश अनासने, पूर्व नगरसेवक मनीष देवड़े, श्रीधर कोटकर, भास्कर ठवरी, मनोज वरघणे, गोपाल मेघरे, शीतल चौधरी, समेत सैकड़ों शिवसैनिक इस आंदोलन में शामिल हुए। शिवसेना ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा नहीं की, तो संघर्ष और तेज होगा।

**स्मार्ट मीटर योजना से उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान:**

1. अत्यधिक कीमत: सिंगल फेज मीटर की कीमत ₹2610 और थ्री फेज मीटर की ₹4050 बताई गई, लेकिन असल में यह ₹11,987 तक महंगा हो गया।
2. बिजली दरों में वृद्धि: प्रति यूनिट 30 पैसे की बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं पर ₹3000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।
3. कानूनी उल्लंघन: विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) के अनुसार उपभोक्ताओं को पोस्टपेड या प्रीपेड मीटर चुनने का अधिकार है, लेकिन महाराष्ट्र सरकार प्रीपेड मीटर को अनिवार्य कर रही है।
4. रोजगार संकट: मीटर रीडिंग और बिलिंग विभाग में 50,000 से ज्यादा नौकरियां खत्म हो जाएंगी।
5. तकनीकी समस्याएं: जिन इलाकों में इंटरनेट या स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, वहां उपभोक्ताओं को बार-बार कनेक्शन कटने की समस्या का सामना करना पड़ेगा।
6. निजीकरण का खतरा: यह योजना बिजली के निजीकरण की ओर एक कदम है, जिससे ग्राहकों का शोषण बढ़ सकता है।

# मानवता ही विश्व की सबसे बड़ी संस्कृति : डॉ. प्रेम चंद्र

> 'चीनी संस्कृति का परिचय' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन

**वर्धा.**




महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा अध्ययन विभाग द्वारा 'चीनी संस्कृति का परिचय' विषय पर दो दिवसीय (10-11 फरवरी) अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन सोमवार, 10 फरवरी को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गुरुकुल विद्यापीठ, इब्राहिमपटनम के प्रधानाचार्य डॉ. प्रेम चंद्र ने कहा कि "मानवता ही विश्व की सबसे बड़ी संस्कृति है।" उन्होंने कहा कि भारत और चीन की प्राचीन सभ्यताएं अत्यंत समृद्ध रही हैं। संस्कृति जीवन जीने का एक मार्ग है और इसे निरंतर बनाए रखने के लिए हमें इतिहास और साहित्य को पढ़ना और समझना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. आनंद पाटील ने कहा कि द्वंद्वात्मक परिस्थितियों से निपटने के लिए हमें संस्कृति का सहारा लेना आवश्यक होता है। मनुष्य ही संस्कृति का पालक और संवाहक होता है। वर्तमान समय में हमें आत्मावलोकन और आत्मविश्लेषण करने की जरूरत है। इस कार्यशाला के दौरान प्रो. एच.ए. हुनगुंद (भाषा विज्ञान विभागाध्यक्ष) ने स्वागत वक्तव्य दिया। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और कुलगीत से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप कुमार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सहायक प्रोफेसर सन्मति जैन ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार पांडेय, डॉ. रवि कुमार, डॉ. मैत्रेयी, डॉ. हिमांशु शेखर, आम्रपाल शेंदरे, डॉ. सरिता भारद्वाज, बी.एस. मिरगे सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दहेगांव के युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या

**समुद्रपुर.**



समुद्रपुर के दहेगांव निवासी 23 वर्षीय युवक ने औरगपुर गव्हा नहर के पास एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान निखिल अवघडे के रूप में हुई है। निखिल अवघडे पी. वी. टेक्सटाइल्स, जाम में काम करता था। सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे उसने जाम-हिंगणघाट रोड स्थित औरगपुर गव्हा नहर के पास आत्महत्या कर ली। घटनास्थल पर उसका दोपहिया वाहन भी मिला है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि निखिल ने आत्महत्या क्यों की। सूचना मिलते ही समुद्रपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए समुद्रपुर ग्रामीण अस्पताल भेज दिया गया है। थानेदार संतोष शेगांवकर के मार्गदर्शन में पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

# वीडियो गेम पार्लर पर पुलिस की छापेमारी

> 1.22 लाख रुपये का सामान जब्त

**हिंगनघाट.**



शहर में अवैध रूप से संचालित एक वीडियो गेम पार्लर में चल रहे जुए पर पुलिस ने छापा मारते हुए बड़ी कार्रवाई की। स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा की टीम ने 10 फरवरी की रात करीब 10 बजे गुप्त सूचना के आधार पर यह छापा मारा।

रॉयल वीडियो गेम पार्लर नामक इस दुकान का संचालन नसीम उर्फ नस्सू शहाबुद्दीन शेख (उम्र 42 वर्ष, निवासी जगन्नाथ वार्ड, द्वारा किया जा रहा था। पुलिस निरीक्षण के दौरान पार्लर में 9 इलेक्ट्रॉनिक मशीन चालू हालत में पाई गईं, जिन पर विभिन्न राशि अंकित थी। खेल के दौरान ग्राहक मशीन का नंबर बटन दबाने के बाद स्क्रीन पर घूमती व्हील के रुकने पर प्रदर्शित नंबर के आधार पर हार-जीत तय होती थी, और उसी अनुसार राशि का लेन-देन होता था। जब पुलिस ने संचालक से वीडियो गेम पार्लर के लाइसेंस के बारे में पूछा तो उसने बताया कि उसके पास मशीनों के संचालन का कोई वैध लाइसेंस नहीं है। पुलिस ने 1,22,800 रुपये मूल्य का मुद्देमाल जब्त कर लिया और महाराष्ट्र जुआ अधिनियम की धारा 4 व 5 के तहत मामला दर्ज किया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवड़े के मार्गदर्शन में, स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा के पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, पुलिस उपनिरीक्षक राहुल इटेकर, गजानन लामसे, रवि पुरोहित, मंगेश आदे, दीपक साठे, विनोद कापसे और उनकी टीम द्वारा की गई।

# अज्ञात मालवाहक वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**अकोला.**



राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुर्तिजापुर ग्रामीण पुलिस थाना क्षेत्र के अनभोरा के निकट एक अज्ञात तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने दो पहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे दो पहिया वाहन पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना रात करीब 10 बजे घटी। मृतक युवकों के नाम मनोज वानखड़े और अनिकेत खंडारे हैं, जो भगोरा और मुर्तिजापुर के मूल निवासी थे।

तालुका के भगोरा के दो युवक मनोज वानखड़े और अनिकेत खंडारे अपना निजी काम पूरा करने के बाद मोटरसाइकिल से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान अनाभोरा के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात मालवाहक वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मुर्तिजापुर ग्रामीण पुलिस स्टेशन अधीक्षक श्रीधर गुट्टे एक टीम के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचे।

दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पंचनामा करने के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुर्तिजापुर उप-जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना का कारण बनने वाला मालवाहक वाहन बोरगांव मांजू की ओर जा रहा था। अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मुर्तिजापुर पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# बस स्टैंड पर बढ़ती चोरी की घटनाएं, यात्रियों में असुरक्षा का माहौल

**हिंगनघाट.**



बस स्टैंड यात्रियों के लिए असुरक्षित होता जा रहा है, क्योंकि यहां चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम के इस बस स्टैंड पर हर दिन सैकड़ों यात्री यात्रा के लिए पहुंचते हैं, लेकिन बीते कुछ महीनों में चोरों की बढ़ती सक्रियता ने यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है।

यात्रियों का कहना है कि भीड़ भाड़ के समय जब वे अपनी सीट सुरक्षित करने के लिए बस में चढ़ने की जल्दी में होते हैं, तब चोर इस मौके का फायदा उठाकर मोबाइल, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुराकर फरार हो जाते हैं। इससे यात्रियों में असुरक्षा का माहौल बन गया है और हिंगनघाट बस स्टैंड चोरों के लिए एक आसान शिकारगाह बनता जा रहा है। हालांकि, बस स्टैंड की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद चोरों पर लगाम नहीं लग रही है। चोरी की घटनाओं को रोकने में सुरक्षा इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि हिंगनघाट बस स्टैंड पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जाए और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिल सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस समस्या को हल करने के लिए क्या कदम उठाता है।

# 12वीं की परीक्षाऐं शुरू, परीक्षा केंद्र पर ड्रोन कैमरे से रखी जा रही है नजर



**अमरावती.**

मंगलवार से 12वीं की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। अमरावती संभाग के 5 जिलों अमरावती, अकोला, बुलढाणा, यवतमाल और वाशिम के 1 लाख 52 हजार 982 विद्यार्थी 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए हैं। यह परीक्षा विभाग के 542 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है।

परीक्षा अवधि के दौरान भयमुक्त एवं नकल मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए 9 उड़नदस्ते नियुक्त किए गए हैं। इन टीमों में संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, संभागीय उप शिक्षा निदेशक, शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य के साथ-साथ शिक्षा विभाग की महिला अधिकारियों का अलग से महिला उड़नदस्ता भी शामिल होगा। संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसलिए परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री का प्रयोग न करें और ईमानदारी से परीक्षा का सामना करें। परीक्षा केंद्र पर भारी पुलिस बल तैनात है। परीक्षा केन्द्र से पांच सौ मीटर बाहर जेरॉक्स सेंटर बंद रहेगा। प्रशासन ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए हर संभव तैयारियां कर ली हैं। यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखा जा रहा है कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

# अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम



**वर्धा.**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र-मेरा युवा भारत द्वारा अंतर जिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 10 से 14 फरवरी तक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन 10 फरवरी को विश्वविद्यालय के महादेवी वर्मा सभागार में कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील की प्रमुख उपस्थिति तथा गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की अध्यक्षता में हुआ। उद्घाटन समारोह में प्रो. पाटील ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को विभिन्न भाषाओं, साहित्य, खान-पान, जन-जीवन और परिवेश के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे वे भारत की समग्र संस्कृति, इतिहास और परंपराओं से अवगत हो सकते हैं।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत को जानने और समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने वर्धा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा गांधी यहां 10 वर्षों तक रहे और उनका आश्रम आज भी उसी रूप में संचालित हो रहा है जैसा उनके समय में था। वर्धा को शांति की प्रयोगशाला बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां से पूरे देश को आंदोलित करने का कार्य हुआ। कार्यक्रम की प्रस्तावना नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शिवधन शर्मा ने प्रस्तुत की।

उन्होंने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को बापू कुटी, पवनार आश्रम, मगन संग्रहालय, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, एमगिरी आदि महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। कार्यक्रम में पुणे से डॉ. अशोक शेलके के नेतृत्व में 27 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह, कुलसचिव प्रो. आनंद पाटील, डॉ. राकेश मिश्र और जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं सूतमाला देकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक सतीश इंगोले ने किया, जबकि नेहरू युवा केंद्र के लेखा अधिकारी दयाराम रामटेके ने आभार प्रकट किया।

# छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर जिलास्तरीय व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन

**सेवाग्राम.**




लोककल्याणकारी राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में वर्धा के यशवंत कॉलेज सभागृह में जिला स्तरीय व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह आयोजन युवाओं में इतिहास की जागरूकता बढ़ाने और छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा लेने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में दो समूह बनाए गए हैं पहला समूह (कक्षा 5 से 8): विषय – स्वराज्य के शिल्पकार: छत्रपति शिवाजी महाराज, दूसरा समूह (कक्षा 9 से 12): विषय – आज का युवा और छत्रपति शिवाजी महाराज. प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती उत्सव समिति, यशवंत महाविद्यालय वर्धा, यशवंत विद्यालय और कनिष्ठ महाविद्यालय सेवाग्राम के संयुक्त प्रयासों से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे होगा। आयोजकों ने जिलेभर के छात्रों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है।

समिति के प्रा. उमाकांत डुकरे, विशाल जाचक और दिलीप चव्हाण ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर युवाओं को इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है।

# परीक्षा केंद्र पर पहुंचे शिक्षा मंत्री पंकज भोयर

> नकलमुक्त अभियान पर दिया जोर

**बुलढाणा.**



महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एंड हायर सेकेंडरी एजुकेशन) की 12वीं की परीक्षा आज मंगलवार को शुरू हो गया है। परीक्षा के पहले दिन शिक्षा मंत्री पंकज भोयर (पंकज भोयर) अचानक परीक्षा केंद्र पर निरिक्षण के लिए पहुंच गए। जहां उन्होंने परीक्षा के आयोजन का निरिक्षण किया। इसी के साथ उन्होंने नक़ल मुक्त अभियान को सफल करने पर जोर दिया।

भोयर मंगलवार को एक दिवसीय खामगांव दौरे पर पहुंचे थे। जहां उन्हें शेगाँव संस्थान जाकर गजानन महाराज से आशीर्वाद लेना तथा विदर्भ के शहरी सहकारी बैंकों के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ बैंक प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार वितरित करना शामिल था। हालांकि, भोयर शेगांव के ज्ञानेश्वर मस्कुजी बुरुंगले कला एवं विज्ञान कनिष्ठ महाविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर पहुंचे और परीक्षा प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

**नक़लमुक्त अभियान पर जोर**

दौरे के दौरान शिक्षा राज्यमंत्री ने नक़ल मुक्त अभियान को लागू करने पर जोर दिया। जहां उन्होंने कक्षा 12वीं की परीक्षा तथा प्रदेश में आज से शुरू हुए नकल मुक्त अभियान के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा छात्रों को शांति से परीक्षा देनी चाहिए। उन्होंने परीक्षा केन्द्र अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से भी नकल मुक्त अभियान में भाग लेकर सहयोग करने की अपील की।

# महाकाली धाम तीर्थ पर माघ पूर्णिमा एवं पखवाड़ा निमित्त महापूजा, महाप्रसाद का आयोजन

**वर्धा.**



महाकाली धाम तीर्थ पर 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा और पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भव्य महापूजा और महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर त्रिदेवी की अष्टांग योग पद्धति से पूजा, हवन और आराधना की गई।

इस धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी, जिसे नागपुर के अजय मेडिकल परिवार के महेश प्रसाद त्रिवेदी और उनके परिवार द्वारा वितरित किया गया। इसके अलावा, विद्वान पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने "महाकुंभ माहात्म्य" विषय पर विशेष प्रवचन दिया, जिसमें उन्होंने महाकुंभ के महत्व और धार्मिक परंपराओं पर प्रकाश डाला।

पंडित शंकर प्रसाद अग्निहोत्री ने सभी श्रद्धालुओं से इस पवित्र अवसर का लाभ उठाने की अपील की और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने उपस्थिति दर्ज कराई और पूजा-अर्चना में भाग लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।

# अंबानी परिवार की '4 पीढ़ियां' एक साथ पहुंचीं महाकुंभ में



**प्रयागराज.** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भव्य महाकुंभ का आयोजन जारी है। हर रोज लाखों-करोड़ों की संख्या में भक्त गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में देश के दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी अपने पूरे परिवार समेत महाकुंभ में पहुंचे हैं। खास बात ये है कि मुकेश अंबानी अपने परिवार की 4 पीढ़ियों के साथ महाकुंभ पहुंचे हैं। मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी भी प्रयागराज आई हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने परिवार के साथ प्रयागराज के अरैल घाट पहुंचे। उनके साथ मां कोकिलाबेन अंबानी, बेटे अनंत और आकाश अंबानी, आकाश की पत्नी श्लोका मेहता और उनके दोनों बच्चे पृथ्वी और वेदा को भी कड़ी सुरक्षा के बीच अरैल घाट पर नाव की ओर ले जाया गया। कोकिलाबेन अंबानी अपनी दोनों बेटियों के साथ महाकुंभ में शामिल होने के लिए त्रिवेणी संगम पहुंचीं हैं। मुकेश अंबानी के साथ उनकी मां कोकिलाबेन, बेटे आकाश और अनंत, बहुएं श्लोका और राधिका, पोते पृथ्वी और वेदा और बहनें दीप्ति सालगांवकर और नीना कोठारी ने एक साथ संगम में डुबकी लगाई। उनके साथ मुकेश अंबानी की सास, पूनमबेन दलाल और भाभी, ममथाबेन दलाल भी मौजूद थीं। बीते महीने मुकेश अंबानी के छोटे भाई और उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी भी महाकुंभ में शामिल हुए थे और संगम में स्नान किया था।

# एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे पुरस्कार

## शरद पवार ने किया सम्मानित, मुख्यमंत्री रहते हुए किये गये कार्यों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

**नई दिल्ली.**




उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार एनसीपी के प्रमुख और वरिष्ठ नेता शरद पवार ने दिया है. जब वे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने एक आम आदमी के तौर पर महाराष्ट्र की जनता के साथ-साथ यहां के किसानों के लिए भी कई फैसले लिए। साथ ही उनके काम को राष्ट्रीय स्तर पर नोटिस किया गया है और उन्हें महादजी शिंदे पुरस्कार भी दिया गया है. यह पुरस्कार 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में प्रदान किया गया। महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार में 5 लाख रुपये, सम्मान पत्र, सम्मान बैज और शिंदेशाही पगड़ी शामिल है। वहीं पुणे के सरहद में आयोजित अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले महानुभावों को दिल्ली में सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह 11 फरवरी को दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित किया गया था।

# गोरेगांव में जली हुई युवती का शव मिलने से सनसनी



**गोंदिया.**

गोंदिया जिले के गोरेगांव तहसील के देवुटोला शेत शिवार में एक अज्ञात युवती का जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सबसे पहले शव की शिनाख्त की गई। मृत युवती आमगांव तहसील के मानेकसा (कालिमाटी) गांव की रहने वाली थी। जिसके बाद पुलिस ने मृतका के माता-पिता और रिश्तेदारों से पूछताछ की, जिससे खुलासा हुआ कि आरोपी मृतका का परिचित था। जांच के बाद पुलिस ने 38 वर्षीय शकील मुस्तफा सिद्दीकी को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि मृतका उसके बच्चे की मां बनने वाली थी और उस पर साथ रहने का दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर उसने युवती को खेत में ले जाकर पहले गला घोंटकर हत्या कर दी और फिर पहचान मिटाने के लिए शव को जला दिया। लेकिन आखिरकार आरोपी पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच शुरू है.

# कंपनियों पर नदियों में प्रदूषित पानी छोड़ने के आरोप

**सौसर.** सौसर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर द्वारा दिए गए आश्वासन पर औधोगिक क्षेत्र बोरगांव खैरीतायगांव में पर्यावरण नियंत्रण हेतु विचार विमर्श समिति गठित कि गई थी। विधायक विजय चौरे,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर,प्रदूषण बोर्ड के अधिकारीगण, नायब तहसीलदार तथा गठित समिती के सद्स्यगणों द्वारा स्पॉट पर जाकर निरीक्षण किया गया जिसके दौरान भारी अनियमितताएं एवं वास्तविक सच्चाई सामने आई है। जिसके प्रत्यक्ष प्रमाण फोटो,वीडियो के माध्यम से संग्रहित किए गए हैं। एवीजे कंपनी, गुलशन कंपनी, नाकोड़ा कंपनी तथा प्रीमियर कंपनी में जाकर वास्तविक स्थिति को देखा गया। इन कंपनियों के द्वारा छोटी-छोटी नालियों के माध्यम से बड़े नाले में प्रदूषित पानी छोड़ा जा रहा है जो कि सीधा नदियों में जाकर मिल रहा है। इन कंपनियों के कारण आस-पास के कृषकों की कपास/संतरा आदि की फसलें पूर्णतः नष्ट हो चुकी है साथ ही कुएं का जल खराब हो चुका है। इन कंपनियों पर एफआईआर दर्ज कराए जाने के संबंध में पुनः एक प्रतिनिधि मंडल जिला पांढुर्णा कलेक्टर से मिलने वाला है। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, पुनाराम बाविस्टाले,युवराज जिचकार, डॉ.राजेंद्र येमदे, रेशमा संजय बागड़े, किशोर खरपुरिया, पंकज दातारकर, सुनील जूनघरे, प्रदीप सहाने, ऋषभ जिचकार आदि उपस्थित रहे।



# विदर्भ रणजी कप से दो कदम दूर

## विदर्भ ने तमिलनाडु को 198 रनो से हराया, सेमी फाइनल मुकाबला मुंबई से नागपुर में

**नागपुर.**

नागपुर-विदर्भ ने तमिलनाडु को 198 रनो से हराकर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है अब। सेमीफाइनल 17 फरवरी को मुंबई से भिड़ेगा जीत के लिए 401 रनों का लक्ष्य मिलने पर तमिलनाडु की टीम बुरी तरह लड़खड़ा गई और दो सत्रों में 202 रनों पर आउट हो गई, जिससे विदर्भ को एक दिन शेष रहते जीत का हकदार बना दिया नागपुर में खेले जाने वाले सेमीफाइनल में विदर्भ का सामना मुंबई से होगा। पिछले सीजन में दोनों टीमें फाइनल में भिड़ी थीं।

पहली पारी में बेहतरीन शतक लगाने के लिए करुण नायर को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वीसीए सिविल लाइंस स्टेडियम में चौथे दिन सुबह विदर्भ ने 169/5 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी शुरू की, ताकि अपनी बढ़त को और मजबूत कर सके।




यश राठौड़ और हर्ष दुबे ने छठे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की, लेकिन बाद में दुबे 64 रन बनाकर आउट हो गए। यह दुबे का लगातार चौथा अर्धशतक था, उन्होंने पहली पारी में 69 और पिछले मैच में हैदराबाद के खिलाफ 65 और 55 रन बनाए थे। राठौड़ अंत तक रन बनाते रहे और उनके साथी खत्म होने का खतरा था, लेकिन यश ठाकुर ने उनका अच्छा साथ दिया और बल्लेबाज ने अपना शतक पूरा किया। वह 112 रन (213 गेंद, 4x11) पर आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज थे। पिछली पारी में 400 रन का पीछा करना कभी भी आसान नहीं था। तमिलनाडु के बल्लेबाजों ने धोखा दिया। वे अपने शॉट खेलते रहे और आउट हो गए, जिससे विदर्भ को मदद मिली। उनकी आधी टीम केवल 45 रन पर पवेलियन लौट चुकी थी। नचिकेत भूटे ने तीन विकेट चटकाए। तमिलनाडु के लिए स्थिति और खराब ही गई. जब साई सुदर्शन और आंद्रे सिद्धार्थ रन आउट हो गए। प्रदोष रंजन पॉल ने अपनी पहली पारी के 48 रन के बाद शानदार अर्धशतक (53) लगाया। सोनू यादव ने 57 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर की भूमिका निभाई और अंत तक तमिलनाडु की पारी को 202 रन के पार पहुंचाया।

संक्षिप्त स्कोर: क्वार्टर फाइनल 2 विदर्भ की पहली पारी 121.1 ओवर में 353 रन पर ऑलआउट (ध्रुव शौरी 26, दानिश मालेवार 75, अक्षय वाडकर 24, करुण नायर 122, हर्ष दुबे 69; सोनू यादव 3/91, विजय शंकर 3/75), तमिलनाडु की पहली पारी 64.3 ओवर में 225 (आंद्रे सिद्दार्थ 65, प्रदोष रंजन पॉल 48, सोनू यादव 32; आदित्य ठाकरे 5/34, नचिकेत भूटे 2/54, यश ठाकुर 2/78), विदर्भ की दूसरी पारी 92.3 ओवर में 272 रन पर ऑल आउट (करुण नायर) 29, यश राठौड़ 112, हर्ष दुबे 64; साई किशोर 5/78, अजित राम 2/33)

तमिलनाडु की दूसरी पारी 61.1 ओवर में 202 रन (प्रदोष रंजन पॉल 53, सोनू यादव 57; नचिकेत भुटे 3/17, हर्ष दुबे 3/40, परिणाम: विदर्भ 198 रन से जीता।

# एकनाथ शिंदे के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में बदलाव



**मुंबई.**

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में बदलाव का फैसला आज कैबिनेट की बैठक में लिया गया है. यह फैसला उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए लिया गया है. ऐसी चर्चा थी कि राज्य में आपदा प्रबंधन समिति से उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बाहर किये जाने के कारण महागठबंधन टूट गया है. हालांकि, अब राज्य सरकार ने इस फैसले को बदल दिया है.

इसलिए अब इस समिति में मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री होंगे. 2005 में मुंबई में बाढ़ आई थी. इस जल प्रलय के बाद आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया. राज्य में आपदा के दौरान यह समिति काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है. मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस अब महाराष्ट्र प्रबंधन समिति के प्रमुख बन गये हैं। हालांकि, यह बात सामने आई कि एकनाथ शिंदे को इससे बाहर रखा गया है. दिलचस्प बात यह है कि इस समिति में अजित पवार के साथ-साथ राजस्व, राहत एवं पुनर्वास, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य समिति के मंत्रियों को भी जगह दी गई है.

हालांकि आपदा प्रबंधन में अहम भूमिका निभाने वाले उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया. इसके बाद आज की कैबिनेट बैठक में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में स्थानांतरित किए गए एकनाथ शिंदे को इस समिति में शामिल किया जाएगा.

# छिंदवाड़ा के 10 वार्ड संक्रमित क्षेत्र घोषित

**सौसर.** छिन्दवाड़ा नगरीय क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड न. 31, 30, 28, 29, 41, 6, 8, 7, 26 , 27 , 43 जो कि संक्रमित क्षेत्र वार्ड न 30, मटन मार्केट एरिया से 1 किलोमीटर के दायरे में है, को संक्रमित क्षेत्र घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों की समस्त मटन / चिकन / अंडे की दुकानों को आगामी 30 दिवस के लिए बंद रखा जाएगा एवं समस्त नगर निगम के वार्ड जो कि 10 किलोमीटर के दायरे में है को सर्विलांस पर रखा है, जिनमें स्थित पोल्ट्री फार्म, दुकानों की सतत निगरानी की जाएगी।

# ईवीएम का डाटा नहीं हटेगा

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय चुनाव आयोग से नाराजगी जताते हुए 2 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है. कोर्ट में दायर याचिका में ईवीएम की मेमोरी का हिसाब किताब और डेटा के सत्यापन को उसकी मानक संचालन प्रक्रियाओं की जानकारी मांगी गई है. ईवीएम के वेरिफिकेशन से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है. एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की इस याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी की जांच के लिए स्पष्ट प्रोटोकॉल बनाने के लिए कहे. भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने चुनाव आयोग को कहा, 'हम इसे 15 दिनों के बाद रखेंगे. कृपया तब तक अपना जवाब दाखिल करें.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 778-2 | 138-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 899-6 | 245-1 |
| प्रभात | 467-7 | 236-1 |
| प्रभात नाईट | 239-4 | - |
| डायमंड | 359-7 | 227-1 |
| मेन बाजार | 269-7 | 280-0 |
| मिलन डे | 570-2 | 157-3 |
| मेन रतन | 178-6 | 367-6 |
| कल्याण | 336-2 | 179-7 |
| राजधानी डे | 235-0 | 469-9 |
| राजधानी नाईट | 690-5 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 690-5 | 245-1 |

# दिल्ली में कॉन्फिडेंस ग्रुप और बीब्ल्यू के स्टाल को मिला जबरदस्त प्रतिसाद

**नई दिल्ली.** कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड, जो भारत की अग्रणी एलपीजी और सीएनजी कंपनी है, और बीब्ल्यू एलपीजी, जो एलपीजी शिपिंग और वीएलजीसी में वैश्विक अग्रणी है, ने इंडिया एनर्जी वीक 2025, दिल्ली में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ इंडियन पेट्रोलियम इंडस्ट्री द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। कॉन्फिडेंस ग्रुप का स्टॉल एक्सपो का प्रमुख आकर्षण है, जिसमें एलपीजी और हाई-प्रेशर सिलेंडर के साथ-साथ हाल ही में लॉन्च किए गए टाइप-4 हाई प्रेशर सिलेंडर भी प्रदर्शित किए गए हैं। स्टॉल पर बीब्ल्यू एलपीजी के जहाज का मॉडल और एक बड़ा एलईडी स्क्रीन भी है, जो दोनों कंपनियों की विविध उत्पाद श्रृंखला को दिखाता है। स्टॉल पर कॉन्फिडेंस और बीडब्लू ग्रुप के सभी उत्पादों की पूरी श्रृंखला प्रदर्शित की गई है। एक्सपो के लिए प्रमुख विशेषता टाइप-4 कम्पोजिट




फाइबर हाई प्रेशर गैस सिलेंडर का क्रांतिकारी लॉन्च है जो ईंधन की दक्षता बढ़ाते हैं, और ब्लास्ट-प्रूफ, पर्यावरण-अनुकूल, तापमान -प्रतिरोधी और किफायती जैसे प्रमुख फायदे प्रदान करते हैं। ये सिलेंडर ऑटोमोटिव, एविएशन, ट्रांसपोर्ट और मरीन इंडस्ट्री में आने वाले समय में गेम-चेंजर साबित होने वाले हैं।

कॉन्फिडेंस ग्रुप के पास तीन उन्नत हाई-प्रेशर सिलेंडर निर्माण इकाई हैं, जो ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, हीलियम और आर्गन जैसे औद्योगिक गैस सिलेंडर के साथ 60लि और 65लि सीएनजी/सीबीजी सिलेंडर का उत्पादन करते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी वाहन की क्षमता और परिवहन आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित सीएनजी/ सीबीजी कैस्केड भी बनाती है। सिलेंडर निर्माण के क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया लिमिटेड बीपीसीएल, एचपीसीएल, आएओसीएल और कई निजी कंपनियों को एलपीजी सिलेंडर का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। कॉन्फिडेंस ग्रुप के पास तीन उन्नत हाई-प्रेशर सिलेंडर निर्माण इकाई हैं, जो ऑक्सीजन, हाइड्रोजन, हीलियम और आर्गन जैसे औद्योगिक गैस सिलेंडर के साथ 60ली. और 65ली. सीएनजी/सीबीजी सिलेंडर का उत्पादन करते हैं।

# उर्दू शाला में वार्षिकोत्सव का शानदार आयोजन

## केंद्र प्रमुख मयूर दुधे के हाथों पुरस्कार वितरण!

**दिग्रस.**




मोतीनगर में स्थित नगर पालिका उर्दू शाला क्र 3 में हाल ही में वार्षिक उत्सव बड़े ही शानदार तरीके से मनाया गया. इस मौके पर आयोजित पकवान कला, खेल-क्रीडा, सहित अन्य कला प्रदर्शनों में विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शक अचंबित हुए. पहली कक्षा से 8 वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कबड्डी, लंगडी सहित अन्य संगीत-खुर्ची, नींबू-चमचा शर्त, दौड़, बटाटा रेस आदि स्पर्धाओं सहित चित्रकला स्पर्धा, मेहंदी डिझाईन जैसी कला प्रर्दशन में उत्साह के साथ हिस्सा लिया. इस दौरान आयोजित आनंद संमेलन में नन्हे विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन कर खाद्य पदार्थों की खूब बिक्री की. इस मौके पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के अध्यक्ष के तौर पर दिग्रस नगर पालिका शिक्षण विभाग के केंद्र प्रमुख मयूर दूधे उपस्थित थे. इस दौरान पूर्व शिक्षण सभापती सैय्यद अक्रम, शाला व्यवस्थापन समिती सदस्य सैय्यद हुसेन, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक सलीम मीरावाले, माजी उप नगराध्यक्ष गणेश रोकडे, रफीक शेख, अब्दुल मतीन मुहम्मद रजा, साजिद अहमद, असलम परसुवाले आदी मान्यवर मौजूद रहे. कार्यक्रम का आरंभ मुमताज वली मोहम्मद द्वारा दिव्य-कुरआन पठण से हुआ. मुख्याध्यापक इब्राहीम बालापुरे ने प्रास्ताविक पेश किया वहीं अब्दुल आतिक सर ने सूत्रसंचालन और शोएब गारवे ने आभार प्रदर्शन किया. मान्यवरों के हाथों विद्यार्थियों को कुल 51 स्मृतिचिन्ह के साथ ही विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र का वितरण किया गया. इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, अभिभावक और परिसर के नागरिक उपस्थित थे.




